OM SHANTI MEDIA - JULY- II - 2022 DELHI FINAL FILE_Page 1 and 2 6/28/2022 9:37 AM Page 5






**गुरुग्राम-हरियाणा।** ब्र.कु. सुरेन्द्र कुमार गोयल,संयोजक,दिल्ली ज़ोन,व्यापार व उद्योग विभाग को गुरुग्राम में कॉमनवेल्थ वोकेशनल यूनिवर्सिटी,किंगडम ऑफ टोंगा द्वारा आयोजित 'एशिया पैसिफिक एक्सीलेंस अवॉर्ड' समारोह में उनके समाज व राष्ट्र के प्रति सक्रिय योगदान एवं कुशल व्यापार प्रबंधन के लिए बिज़नेस मैनेजमेंट में 'डॉक्टरेट' डिग्री से सम्मानित किया गया। यह अवॉर्ड डॉ. रिपू रंजन सिन्हा,प्रोफेसर,उप चान्सलर,कॉमनवेल्थ वोकेशनल यूनिवर्सिटी एवं डॉ. देवेन्द्र पाठक की गरिमामयी उपस्थिति में दिया गया।



**पटना-बिहार।** आज़ादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत बिहार विधानसभा एवं ब्रह्माकुमारीज़ के संयुक्त तत्वाधान में विधानसभा के सेंट्रल हॉल में माननीय विधायकगण एवं अधिकारीगणों के लिए आयोजित 'तनाव मुक्त जीवन जीने की कला' विषयक कार्यक्रम में बिहार विधानसभा के अध्यक्ष विजय कुमार सिन्हा, बिहार विधान परिषद् के कार्यकारी सभापति अवधेश नारायण सिंह, बिहार विधानसभा के उपाध्यक्ष महेश्वर हजारी, ब्रह्माकुमारीज़ की वरिष्ठ राजयोग शिक्षिका ब्र.कु. उषा दीदी,माउण्ट आबू ने तनाव प्रबंधन के गुर बताये तथा बिहार सरकार के शिक्षा मंत्री एवं संसदीय कार्य मंत्री विजय चौधरी, ब्र.कु. दीदी तथा अन्य विशिष्ट जन उपस्थित रहे।

## हम कितने न सौभाग्यशाली...

# साइलेंस का मतलब सिर्फ चुप रहना नहीं...!



वरिष्ठ राजयोग शिक्षिका राजयोगिनी गीता दीदी,माउण्ट आबू

गतांक से आगे...

हम समझ गये हैं कि समस्यायें बाहरी हैं, समाज से आती हैं, नौकरी, धंधा, परिवार व्यक्ति, प्रकृति, सरकार जो भी कहो जिस भी तरफ से आती है पर जितनी बड़ी समस्या उतनी गहरी डिटैच और शांत स्थिति चाहिए तो हम साक्षी होकर शांति से निरीक्षण कर सकेंगे, समझ सकेंगे, विश्लेषण कर सकेंगे और डिसीज़न ले सकेंगे। बात आई नहीं और घबरा गये, उग्र हो गये, टेन्स हो गये तो ये हम नहीं कर सकेंगे कि हम शांति से समझें, देखें, विश्लेषण करें, निर्णय लें ये नहीं कर सकेंगे। वहाँ हमें बाबा, ज्ञान-योग मदद करता है। जो साइलेंस पॉवर की बात कही है वास्तव में साइलेंस पॉवर क्या? माना शुद्ध संकल्पों की शुद्ध स्थिति की शक्ति को साइलेंस पॉवर कहते हैं। साइंस पॉवर माना प्रकृति की शक्ति। प्रकृति जगत जिन सिद्धान्तों पर काम करती है विज्ञान उन सिद्धातों की खोज करता है और उन सिद्धातों को एप्लाई कर नये-नये साधन, सिस्टम जो बनाता है वो टेक्नोलॉजी है।

वो प्रकृति जगत के सिद्धातों का ज्ञान, उपयोग और उनकी वो शक्ति साइलेंस पॉवर माना चैतन्य आत्मा की शक्ति। चैतन्य आत्मा की जो चैतन्यता है, चैतन्यता क्या है? विचार, वायब्रेशन, वृत्ति, भाव, भावनायें, फीलिंग्स, संस्कार ये चैतन्य आत्मा का जगत है। ये चैतन्य आत्मा से सम्बन्ध रखते हैं। इसका क्या प्रभाव है? और जो हम अपने विचार वायब्रेशन्स, वाणी, वृत्ति, भाव, भावनायें, फीलिंग्स, स्मृति, संस्कार को शुद्ध बनाते, उनकी शक्ति को साइलेंस पॉवर कहते हैं। साइलेंस पॉवर सिर्फ चुप रहना नहीं

**साइलेंस पॉवर सिर्फ चुप रहना नहीं बेशक वो एक स्टेप है फर्स्ट पर साइलेंस पॉवर माना देह भान से डिटैच। स्व में स्थित, परम से जुड़ा हुआ शुभ और शुद्ध आत्म स्थिति की शक्ति वो साइलेंस पॉवर है।**

बेशक वो एक स्टेप है फर्स्ट पर साइलेंस पॉवर माना देह भान से डिटैच। स्व में स्थित, परम से जुड़ा हुआ शुभ और शुद्ध आत्म स्थिति की शक्ति वो साइलेंस पॉवर है।

तो ज्ञान से पहले हम दुनियावी पॉवर, पॉजिशन, रिलेशन, साधन, सम्पत्ति के बल से समस्या का समाधान करते थे। क्योंकि ये पॉवर तो था ही नहीं। अभी भी कई बार बहुत लास्ट में हमें याद आता है कि बाबा भी एक शक्ति है मैंने ऑनेस्टली सच्चाई, ईमानदारी से, बाबा के ज्ञान अनुसार इस समस्या का समाधान करने के लिए हर सम्भव प्रयास किया। ये हर आत्मा का कर्त्तव्य है। हमें सिर्फ बाबा पर छोड़ नहीं देना है बेशक अन्दर से हम बाबा पर छोड़ें पर प्रैक्टिकल मेरा कर्त्तव्य है पॉज़िटिवली हर समस्या को ठीक करने के लिए मुझे अपनी तरफ से हर प्रयास करना है। और उसके बाद भी सत्य का सहारा लेने के बाद भी समाधान नहीं कर पाते हैं तो योगयुक्त रहना, बाबा और ड्रामा पर छोड़कर स्थिति में रहना ये भी एक पॉवर है। मुझे वो भी एप्लाई करना है। और इस आध्यात्मिक साधन माना जो भी ज्ञान-योग-धारणा-सेवा इनके द्वारा हम जो समस्यायें ठीक करना चाहते हैं तो उसका बाबा कहता है ना कि मुझे सच्चे दिल से याद करेंगे तो बाबा हाज़िर होगा। सिर्फ ज़रूरत के समय याद करेंगे तो पॉवर नहीं आयेगा। पर हमने नित्य बाबा को आधार बनाया जीवन का और ज्ञानी तू आत्मा हूँ, योगी तू आत्मा हूँ, हर श्रीमत से समस्यायें ठीक करने का प्रयास रहा है तो समय पर मेरे में शक्ति रहेगी और मन शांत रहेगा। हम अपने आप को अचल रख सकेंगे। तो ये है साइलेंस पॉवर। दुनिया के तरीके वो तो हम पहले जानते ही थे। पहले हम वो ही करते थे वो छोड़कर हम ज्ञान में क्यों आये क्योंकि वो सही नहीं है तब तो हमने छोड़ा। अब ज्ञान में आने के बाद मुझे गलत तरीकों से, ईश्वरीय नियम-मर्यादा के विपरित इसका उपयोग नहीं करना है। पहला प्रयास हमारा ये हो।



**मुज़फ्फरपुर-बिहार।** ब्रह्माकुमारीज़ के 'दया एवं करुणा के लिए आध्यात्मिक सशक्तिकरण' वार्षिक थीम के उद्घाटन अवसर पर संस्थान के कार्यकारी सचिव राजयोगी डॉ. ब्र.कु. मृत्युंजय,माउण्ट आबू, संस्थान के शिक्षा प्रभाग की राष्ट्रीय संयोजिका ब्र.कु. सुमन बहन, राजस्व एवं भूमि सुधार राज्यमंत्री राम सूरत कुमार, वैशाली लोकसभा सांसद श्रीमति वीणा देवी, शिवहर लोकसभा सांसद श्रीमति रमा देवी, मुज़फ्फरपुर लोकसभा सांसद अजय निषाद, नगर विधायक बिजेंद्र चौधरी, कुढ़नी विधायक डॉ. अनिल कुमार साहनी, नगर आयुक्त विवेक रंजन मैत्रेय, एडीजे 1 पुनीत कुमार गर्ग, सिविल सर्जन उमेश चन्द्र शर्मा, लंगट सिंह कॉलेज के प्राचार्य ओम प्रकाश राय आदि गणमान्य अतिथियों सहित अन्य भाई-बहनें उपस्थित रहे।




**ब्रह्मपुर-ओडिशा।** ब्रह्माकुमारीज़ के प्रभु उपहार रिट्रीट सेंटर में कला एवं संस्कृति प्रभाग द्वारा आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन का दीप पज्वलित कर उद्घाटन करते हुए पत्रकार तथा गायक सुदीप साहू, ब्रह्मपुर होटल संघ के मुख्य उमा शंकर पाणिग्राही, प्रसिद्ध टीवी कलाकार अंजना दास, मुख्य अतिथि ब्रह्मपुर सांसद चन्द्र शेखर साहू, गायक राजयोगी ब्र.कु. सतीश भाई, राजयोगिनी ब्र.कु. मंजू दीदी, मेयर संघमित्रा दलाई तथा राजयोगिनी ब्र.कु. माला बहन।



**समस्तीपुर-बिहार।** ब्रह्माकुमारीज़ के गांव पुरा सेवाकेन्द्र पर 'आहार से आरोग्य' विषय पर आयोजित परिचर्चा में दीप प्रज्वलित करते हुए सुप्रसिद्ध आहार विशेषज्ञ डॉ. खड्डार बल्ली, डॉ. वाय गंगी रेड्डी केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय पूसा के गृह विज्ञान विभाग की डॉ. सुनीता कुमारी, पूर्व विधायक दुर्गा प्रसाद सिंह, सेवाकेन्द्र संचालिका ब्र.कु. भावना बहन तथा अन्य।



**सोनीपत से.15-हरियाणा।** मुरथल गांव में निःशुल्क शिक्षा प्राप्त कराने वाली प्राइवेट संस्था द्वारा आयोजित कार्यक्रम में ब्रह्माकुमारीज़ को आमंत्रित किये जाने पर मुख्य अतिथि के रूप में स्थानीय सेवाकेन्द्र संचालिका ब्र.कु. प्रमोद बहन ने सभी विद्यार्थियों को आत्मिक शिक्षा तथा निःशुल्क सप्त दिवसीय कोर्स करने की प्रेरणा दी। इस मौके पर ललित बत्रा,राजनेता, संजय अंतिल,पूर्व सरपंच खेवडा, काजल,ट्रांसजेंडर सोसाइटी की मुखिया,सोनीपत, विकास भाई,समाजसेवी आदि मौजूद रहे।




**भद्रक-ओडिशा।** ब्रह्माकुमारीज़ के नवनिर्मित पवन धाम सेवाकेन्द्र पर आयोजित 'स्वर्णिम भारत कुमार भट्टी' के उद्घाटन अवसर पर मंजूलता मंडल,सांसद,भद्रक, मुख्य वक्ता ब्र.कु. श्रीकांत भाई,राष्ट्रीय संयोजक,स्पार्क विंग,ब्रह्माकुमारीज़,माउण्ट आबू, पंडित संग्राम आचार्य,प्रसिद्ध आध्यात्मिक वक्ता, पंडित दयानिधि दास,नेशनल अवॉर्डी,टीचर,सरपंच अराडी, श्रद्धांजलि पाढ़ी,सरपंच ओलागा, प्रफुल्ला बेहेरा, ब्र.कु. मंजू बहन तथा अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।



**टूंडला-उ.प्र.।** आज़ादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत ब्रह्माकुमारीज़ के ग्राम विकास प्रभाग द्वारा सिकरारी गांव में 'आत्मनिर्भर किसान अभियान' के उद्घाटन अवसर पर क्षेत्रीय विधायक, उपजिलाधिकारी, प्रभाग के एक्टिव मेम्बर ब्र.कु. राजेन्द्र भाई,पलवल, प्रभाग की आगरा ज़ोनल कोऑर्डिनेटर ब्र.कु. भावना बहन, स्थानीय सेवाकेन्द्र संचालिका ब्र.कु. विजय बहन, आगरा ज़ोन कमेटी सचिव,प्रभारी ईदगाह ब्र.कु. अश्विना बहन, विकास खंड अधिकारी प्रेमपाल सिंह, ब्लॉक प्रमुख सतीश कुमार, ग्राम पंचायत सिकरारी के प्रधान अजय कुमार, ब्र.कु. अमर भाई, मधुबन ग्लोबल एकेडमी के मालिक ख्यालीराम जी आदि उपस्थित रहे।



**नई दिल्ली-पुल प्रहलादपुर।** ब्रह्माकुमारीज़ द्वारा आयोजित 'सेवाधारियों का सम्मान' कार्यक्रम में लक्कड़पुर क्षेत्र के काउंसलर जितेंद्र भडाना को ईश्वरीय सौगात भेंट करते हुए ब्र.कु. पुष्पा बहन। इस मौके पर 30 सेवाधारियों का सम्मान किया गया। ब्र.कु. सुमन बहन एवं अन्य भाई-बहनें उपस्थित रहे।



**धौलपुर-राज.।** ब्रह्माकुमारीज़ के गीता ज्ञान पाठशाला कायस्थपाड़ा द्वारा हुण्डावाला रोड स्थित गोविन्द कॉलोनी में 'कल्प तरु' अभियान के अंतर्गत ब्र.कु. ज्योति बहन के निर्देशन में आयोजित पौधा रोपण कार्यक्रम में उपस्थित अन्य भाई-बहनें।